सा० का० नि० 1650 :—यतः प्रारूप कीटनाशी नियम, 1971, जिन्हें केन्द्रीय सरकार, कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाने की प्रस्थापना करती है, उक्त धारा की अपेक्षानुसार भारत के राजपत्र, भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (i), तारीख 17 अप्रैल, 1971 के पृष्ठ 1510 से 1528 पर, भारत सरकार के खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय (कृषि विभाग) की अधिसूचना सं० सा० का० नि० 566, तारीख 7 अप्रैल, 1971 के अधीन, प्रकाशित किए गए थे, जिनमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनका उनसे प्रभावित होना सम्भाव्य था, 31 मई, 1971 तक आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे ;

और यतः उक्त राजपत्र 17 अप्रैल, 1971 को जनता को उपलब्ध करा दिया गया था ;

और यतः उक्त प्रारूप के सम्बन्ध में जनता से प्राप्त हुए आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया है ;

अतः अब, कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड से परामर्श के पश्चात्, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**:—(1) इन नियमों का नाम कीटनाशी नियम, 1971 होगा।

(2) ये 1 अगस्त, 1971 से प्रदत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं**:—इन नियमों में जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "अधिनियम" से कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) अभिप्रेत है ;

(ख) "अध्यक्ष" से बोर्ड का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(ग) "निदेशक" से प्रयोगशाला का निदेशक अभिप्रेत है ;

(घ) "प्ररूप" से प्रथम अनुसूची में उपवर्णित प्ररूप अभिप्रेत है ;

(ङ) "प्रयोगशाला" से केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला अभिप्रेत है ;

(च) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ;

(छ) "सचिव" से बोर्ड का सचिव अभिप्रेत है ;

(ज) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है।

अध्याय 2

बोर्ड, रजिस्ट्रीकरण समिति और प्रयोगशाला से कृत्य

3. **बोर्ड के कृत्य** :—बोर्ड, अधिनियम द्वारा उसको समनुदेशित कृत्यों के अतिरिक्त, निम्नलिखित कृत्यों का निष्पादन करेगा, अर्थात् :—

(क) केन्द्रीय सरकार को, उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) के अधीन कीटनाशियों के विनिर्माण की बाबत सलाह देना ;

(ख) कीटनाशियों के, उनके विषैलेपन और उनके आकाशी-अनुप्रयोग के लिए उपयुक्तता के आधार पर उनके उपयोगों या वर्गीकरण को विनिर्दिष्ट करना ;

(ग) कीटनाशियों/अवशेषों के लिए सहनसीमा और विभिन्न वस्तुओं की बाबत कीटनाशियों के अनुप्रयोग और फसल कटाई के बीच के न्यूनतम अन्तरालों को निश्चित करने के सम्बन्ध में सलाह देना ;

(घ) कीटनाशियों की निधानी—आयु विनिर्दिष्ट करना ;

(ङ) रंजित करने का सुझाव देना जिसमें वह रंजकद्रव्य भी सम्मिलित है जो कीटनाशियों के, विशेषतः अधिक विषैली प्रकृति के कीटनाशियों के सांद्रों के, साथ मिलाया जा सकता है ;

(च) ऐसे अन्य कृत्यों का पालन करना जो अधिनियम या इन नियमों द्वारा प्रदत्त किसी कृत्य के अनुपूरक, आनुषंगिक या पारिणामिक हैं।

4. रजिस्ट्रीकरण समिति के कृत्य.—रजिस्ट्रीकरण समिति अधिनियम द्वारा उसको समनुदेशित कृत्यों के अतिरिक्त निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगी ; अर्थात् :

(क) कीटनाशियों के प्रयोग या उठाने-रखने के कारण विषाक्तन के विरुद्ध ली जाने वाली पूर्वविधानियों को विनिर्दिष्ट करना ;

(ख) ऐसे अन्य आनुषंगिक या पारिणामिक विषयों का निष्पादन करना जो अधिनियम या इन नियमों के अधीन उसको समनुदेशित कृत्यों के निष्पादन के लिए आवश्यक हैं ।

5. प्रयोगशाला के कृत्य :—प्रयोगशाला के कृत्य निम्नलिखित होंगे :—

(क) कीटनाशियों के ऐसे नमूनों का विश्लेषण करना जो उसको केन्द्रीय या राज्य सरकारों द्वारा प्राधिकृत अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा अधिनियम के अधीन भेजे गए हों और संबंधित प्राधिकारी को विश्लेषण के प्रमाण-पत्र देना ;

(ख) अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत कीटनाशी अवशेषों के लिए सामग्री के नमूनों का विश्लेषण करना ;

(ग) ऐसे अन्वेषण कार्यान्वित करना जो कीटनाशियों के रजिस्ट्रीकरण की शर्तें सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक हैं ;

(घ) कीटनाशियों के विषैलेपन को अवधारित करना ; और

(ङ) ऐसे अन्य कृत्यों का निष्पादन करना जो उसे केन्द्रीय सरकार द्वारा या केन्द्रीय सरकार की अनुज्ञा से किसी राज्य सरकार द्वारा तथा बोर्ड से परामर्श के पश्चात् सौंपे जाएं ।

अध्याय 3

कीटनाशियों का रजिस्ट्रीकरण

6. रजिस्ट्रीकरण की रीति :—(1) अधिनियम के अधीन किसी कीटनाशी के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन प्ररूप 1 में दिया जाएगा ।

(2) सम्यक् रूप से भरा हुआ आवेदन प्ररूप और एक सौ रुपए की रजिस्ट्रीकरण फीस के संदाय के समक्ष स्वरूप खजाना चलाना, रजिस्ट्रीकरण समिति, कीटनाशी अधिनियम, कृषि विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजा जाएगा ।

(3) संदेय रजिस्ट्रीकरण फीस कीटनाशी अधिनियम, 1968 के अन्तर्गत वसूल की गई फीस, जर्माना आदि "XXI-प्रकीर्ण"—शीर्ष के अधीन निक्षिप्त की जाएगी ।

(4) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्ररूप 2 में होगा और वह उसमें वर्णित शर्तों के अधीन होगा ।

7. अपील.—(1) धारा 9 के अधीन रजिस्ट्रीकरण समिति के विनिश्चय के विरुद्ध कोई अपील केन्द्रीय सरकार के कृषि विभाग को लिखित रूप में की जाएगी ।

(2) अपील लिखित रूप में होगी और उसमें संक्षिप्त रूप में तथा सुविधा शीर्षों के अधीन वे आधार उपवर्णित किए जाएंगे जिन पर अपील की गई है ।

(3) प्रत्येक अपील के साथ दस रुपए की फीस के संदाय के साक्ष्यस्वरूप खजाना चलाना होगा और उस विनिश्चय की प्रति होगी जिसके विरुद्ध अपील की गई है ।

(4) अपील करने के लिए संदेय फीस कीटनाशी अधिनियम, 1968 के अन्तर्गत वसूल की गई फीस, जुर्माना आदि "XXI-प्रकीर्ण" शीर्ष के अधीन निक्षिप्त की जाएगी ।

8. **रजिस्ट्रीकृत करने से इन्कार करने या रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र को रद्द करने के प्रकाशन की रीति** : किसी कीटनाशी को रजिस्ट्रीकृत करने से इन्कार या किसी कीटनाशी के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र का रद्दकरण, ऐसे दो अंग्रेजी और हिन्दी समाचार पत्रों में, जिनका भारत के बड़े भाग में परिचालन है तथा भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा प्रकाशित किसी पत्रिका में, भी प्रकाशित किया जाएगा ।

अध्याय 4

अनुज्ञप्ति की मंजूरी

9. **कीटनाशियों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति**:—(1) किसी कीटनाशी के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति की मंजूरी या नवीकरण के लिए आवेदन यथास्थिति, प्ररूप 3 या प्ररूप 4 में अनुज्ञापन अधिकारी को दिया जाएगा और इसके साथ प्रत्येक कीटनाशी, जिसके लिए अनुज्ञप्ति का आवेदन दिया गया है, के लिए पचास रुपए फीस, अधिकतम पांच सौ रुपए तक, होगी ।

(2) यदि किसी कीटनाशी के एक से अधिक स्थान पर विनिर्माण किए जाने की प्रस्थापना है तो पृथक आवेदन दिया जाएगा और ऐसे प्रत्येक स्थान की बाबत पृथक अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी ।

(3) कीटनाशियों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति, प्ररूप 5 में होगी और उसमें वर्णित शर्तों के अधीन होगी ।

(4) अनुज्ञापन अधिकारी, आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात किसी अनुज्ञप्ति को मंजूर करने से इन्कार कर सकेगा और ऐसे इन्कार किए जाने पर संदत्त फीस आवेदक को वापस कर दी जाएगी ।

(5) इस नियम के अधीन जारी की गई अनुज्ञप्ति की दूसरी प्रति के लिए, यदि मूल विकृत हो जाए, क्षतिग्रस्त हो जाए या खो जाए, पांच रुपए फीस संदत्त की जाएगी ।

10. **कीटनाशियों के विक्रय, आदि के लिए अनुज्ञप्ति**:—(1) कीटनाशियों के विक्रय, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन या वितरण के लिए अनुज्ञप्ति की मंजूरी या नवीकरण के लिए आवेदन अनुज्ञापन अधिकारी को, यथास्थिति, प्ररूप या प्ररूप 7 में किया जाएगा और उसके साथ उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट फीस होगी ।

(2) अनुज्ञप्ति की मंजूरी या नवीकरण के लिए उपनियम (1) के अधीन संदेय फीस प्रत्येक कीटनाशी के लिए, जिसके लिए अनुज्ञप्ति का आवेदन दिया गया हो, बीस रुपए, अधिकतम तीन सौ रुपए तक, होगी ।

(3) यदि किसी कीटनाशी की एक से अधिक स्थान पर विक्रय करने या विक्रय के लिए स्टाक करने की प्रस्थापना है तो पृथक आवेदन दिए जाएंगे और ऐसे प्रत्येक स्थान की बाबत पृथक अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी ।

(4) कीटनाशियों को विक्रय, स्टाक या विक्रय या वितरण के लिए प्रदर्शित करने के लिए अनुज्ञप्ति प्ररूप 8 में होगी और वह उसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन होगी ।

(5) अनुज्ञापन अधिकारी, आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, किसी अनुज्ञप्ति को मंजूर करने से इंकार कर सकेगा और ऐसे इंकार किए जाने पर संदत्त फीस आवेदक को वापस कर दी जाएगी ।

(6) इस नियम के अधीन जारी की गई अनुज्ञप्ति की दूसरी प्रति के लिए, यदि मूल प्रति विकृत हो जाए, क्षतिग्रस्त हो जाए या खो जाए, पांच रुपए फीस संदत्त की जाएगी ।

11. **अनुज्ञप्ति की अस्तित्वावधि** .—(क) इस अध्याय के अधीन जारी की गई अनुज्ञप्ति, जब तक कि वह जल्दी ही निलम्बित या रद्द न कर दी जाए, जारी करने की तारीख से या नवीकरण की तारीख से दो वर्ष की अवधि तक प्रवृत रहेगी ।

(ख) अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान से पूर्व दिया जाएगा और यदि ऐसा आवेदन ऐसे अवसान से एक मास के भीतर दिया जाता है तो नवीकरण के लिए आवेदन के साथ निम्नलिखित शास्ति संदत्त की जाएगी, अर्थात् :—

(i) कीटनाशियों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति की दशा में पचास रुपए ;

(ii) किसी अन्य अनुज्ञप्ति की दशा में बीस रुपए ।

(ग) अनुज्ञप्ति तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक यह नवीकृत न कर दी जाए, या इंकार न कर दी जाए, या जहां धारा 15 के अधीन अपील की गई है वहां तब तक जब तक कि अपील का निपटान न कर दिया जाए, और यदि उसके अवसान के पश्चात् एक मास के भीतर नवीकरण के लिए आवेदन न दिया जाए तो वह अवसित हुई समझी जाएगी ।

(घ) अनुज्ञापन अधिकारी सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् अनुज्ञप्ति का नवीकरण करने से इंकार कर सकेगा और ऐसे इंकार करने पर ऐसे नवीकरण के लिए संदत्त फीस या संदत्त शास्ति, यदि कोई हो, आवेदक को वापस कर दी जाएगी ।

12. **अनुज्ञप्ति की शर्तें** .—(क) ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जैसी कि अनुज्ञप्ति में दी गई हैं, इस अध्याय के अधीन किसी व्यक्ति को अनुज्ञप्ति तब तक मंजूर नहीं की जाएगी जब तक कि अनुज्ञापन अधिकारी का यह समाधान न हो जाए कि वे परिसर जिसकी बाबत अनुज्ञप्ति मंजूर की जानी है पर्याप्त हैं, और किसी भी संकट से बचने के लिए तथा उन कीटनाशियों के गुणों का परिरक्षण करने के लिए, जिनकी बाबत अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है, उचित भण्डार-स्थान से युक्त हैं ।

(ख) अनुज्ञप्ति मंजूर करने में, अनुज्ञापन अधिकारी, अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातों का ध्यान रखेगा :—

(i) उस परिक्षेत्र में, किसी वर्ष में मंजूर की गई अनुज्ञप्तियों की संख्या, और

(ii) आवेदक की उपजीविका, व्यापार या कारबार ।

13. **अनुज्ञप्ति में फेरफार या संशोधन** .—अनुज्ञापन-अधिकारी, या तो अनुज्ञप्तिधारी द्वारा आवेदन दिए जाने पर या यदि उसका यह समाधान हो गया है कि उन शर्तों में, जिनके अधीन इस अध्याय के अधीन अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है, परिवर्तन हो गया है और यह कि ऐसा करना आवश्यक है, अनुज्ञप्ति के धारक व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् अनुज्ञप्ति में फेरफार या संशोधन कर सकेगा ।

14. **अनुज्ञप्ति का अन्तरण** .—(1) अनुज्ञप्ति का धारक, किसी भी समय, अनुज्ञप्ति के अवसान से पूर्व, अनुज्ञप्ति के, किसी व्यक्ति को, अन्तरण की अनुज्ञा के लिए आवेदन दे सकेगा ।

(2) उपनियम (1) के अधीन आवेदन के साथ पांच रुपए की फीस होगी।

(3) अनुज्ञापन अधिकारी, ऐसी पूछताछ करने के पश्चात् जैसी वह उचित समझे, अनुज्ञप्ति के अन्तरण की अनुज्ञा दे सकेगा और ऐसी अनुज्ञा दिए जाने पर इस प्रभाव का एक पृष्ठांकन अनुज्ञप्ति पर किया जाएगा।

(4) यदि अनुज्ञप्ति के अन्तरण के लिए अनुज्ञा नामंजूर कर दी जाती है तो उसके लिए संदत्त फीस आवेदक को वापस कर दी जाएगी।

15. अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु या निशक्तता की दशा में प्रक्रिया.—(1) यदि उस व्यक्ति की जिसके नाम में इस अध्याय के अधीन अनुज्ञप्ति जारी की गई है, मृत्यु हो जाती है या वह उस कारबार को चलाने के लिए, जिसके लिए अनुज्ञप्ति दी गई है, अयोग्य हो जाता है तो उसका विधिक प्रतिनिधि या कोई अन्य व्यक्ति जो कारबार चलाने में रुचि रखता हो अनुज्ञापन अधिकारी को, अनुज्ञप्ति को अपने नाम में अन्तरण करने के लिए, आवेदन दे सकेगा।

(2) यदि उपनियम (1) के अधीन अनुज्ञप्ति के अन्तरण के लिए आवेदन दिया गया है तो आवेदक के लिए कारबार चलाना तब तक विधिमान्य होगा जब तक कि अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा आवेदन नामंजूर न कर दिया जाए।

अध्याय 5

पैक करना और लेबल लगाना

16. विक्रय या वितरण पर तब तक प्रतिषेध जब तक कि कीटनाशी पैक न हो या उस पर लेबल न लगा हो.—कोई भी व्यक्ति किसी कीटनाशी को तब तक स्टाक या विक्रय के लिए प्रदर्शित या वितरित नहीं करेगा जब तक कि वह इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार पैक न हो या उस पर लेबल न लगा हो।

17. कीटनाशियों का पैक करना :—कीटनाशी का प्रत्येक पैकेज इस प्रकार का होगा जो रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा अनुमोदित हो और जिस आधान पात्र में कीटनाशी को पैक करने की प्रस्थापना है उसका एक नमूना या तो रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन के साथ भेजा जाएगा या रजिस्ट्रीकरण समिति को पृथक्तः दिया जाएगा।

18. पैकेज में पर्चियों का होना :—प्रत्येक कीटनाशी के पैकिंग में एक पर्ची होगी, जिसमें निम्नलिखित ब्यौरे होंगे, अर्थात् :—

(क) वे पादप-रोग, कीट और विदेशे जन्तु या घास-पात जिनके लिए कीटनाशी का अनुप्रयोग किया जाना है, जिस रीति से अनुप्रयोग के समय कीटनाशी का प्रयोग किया जाना है उससे सम्बन्धित पर्याप्त निदेश;

(ख) मानव, पशु और अंगली अंश जन्तु के लिए हानिकारक रसायनों से सम्बन्धित विशिष्टियां, चेतावनी और सतर्कता बरतने संबंधी विवरण, जिसमें विषाक्तता लक्षण, सुरक्षा के समुचित और पर्याप्त उपाय और जहां आवश्यक हो, आपात कालीन प्राथमिक उपचार सम्मिलित है;

(ग) ज्वलनशील, विस्फोटक या त्वचा के लिए अन्य हानिकारक पदार्थों से सम्बन्धित यथोचित चेतावनी सहित, कीटनाशियों के भंडार और अनुप्रयोग से सम्बन्धित सतर्कताएं ।

(घ) प्रयुक्त आधान पात्रों के विसंदूषण या सुरक्षा-पूर्वक व्ययन से सम्बन्धित अनुदेश;

(ङ) विषरोधक दर्शित करने वाला विवरण पर्ची और लेबल में सम्मिलित होगा ।

(च) यदि कीटनाशी त्वचा, नाक, गले या आंखों के लिए क्षोभक है तो इस आशय का एक विवरण सम्मिलित किया जाएगा ।

19. **लेबल लगाने की रीति** :—(1) किसी कीटनाशी के सब से भीतर के आधान पात्र के लेबल पर और सबसे बाहर के अच्छादों पर जिसमें आधान पात्र पैक किया गया है निम्नलिखित विशिष्टियां या तो अमिट स्याही में मुद्रित की जाएंगी या लिखी जाएंगी:—

(i) विनिर्माता का नाम (यदि विनिर्माता वह व्यक्ति नहीं है जिसके नाम में कीटनाशी इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत है तो जिस व्यक्ति के नाम में कीटनाशी रजिस्ट्रीकृत है और जो व्यक्ति विनिर्माण करता है, पैक या वितरण या विक्रय करता है, दोनों के सम्बन्ध का उल्लेख किया जाएगा) ।

(ii) कीटनाशी का नाम (ब्रांड नाम या व्यापार चिह्न जिसके अधीन कीटनाशी का विक्रय किया जाता है) ।

(iii) कीटनाशी की रजिस्ट्रीकरण संख्या ।

(iv) सक्रिय और अन्य संघटकों के प्रकार और नाम और प्रत्येक की निश्चत ।

(प्रत्येक संघटक के अन्तर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं या भारतीय मानक संस्था द्वारा स्वीकृत सामान्य नाम दिए जाएंगे यदि कोई सामान्य नाम नहीं है तो शुद्ध रासायनिक नाम जो रासायनिक नाम पद्धति के सामान्यतः स्वीकृत नियमों के अत्यधिक अनुरूप है दिया जाएगा)।

(v) शुद्ध अन्तर्वस्तु या आयतन ।

(शुद्ध अन्तर्वस्तु में लपेटने वाली या अन्य सामग्री सम्मिलित नहीं होगी । शुद्ध अन्तर्वस्तु अवास्थिति, भार, माप, सक्रियता की संख्या, या यूनिटों का सही विवरण दिया जाएगा । भार और आयतन मीटरी प्रणाली में अभिव्यक्त किया जाएगा)।

(vi) बैच संख्या ।

(vii) अवसान की तारीख, अर्थात् उस तारीख तक जब तक कीटनाशी अपनी प्रभावकारिता और सुरक्षा बनाए रखेंगे ।

(viii) प्रतिकारक विवरण ।

(2) लेबल आधान पात्र पर इस प्रकार चिपकाया जाएगा कि वह सामान्यतः हटाया न जा सके ।

(3) लेबल में एक सुस्पष्ट स्थान पर लेबल के आकार के कुल क्षेत्रफल के कम से कम सोलहवें भाग के बराबर का एक वर्ग (विषमकोण समचतुर्भुज की आकृति का) 45° के कोण पर सैट किया जाएगा । उक्त वर्ग की विमा उस पैकेज के आकार पर निर्भर होगी जिस पर लेबल लगाया जाएगा । उक्त वर्ग को समान त्रिभुजों में विभाजित किया जाएगा, ऊपर के भाग में प्रतीक और उपनियम (4) में विनिर्दिष्ट संकेत शब्द होगा और निम्नतर भाग में उपनियम (5) में विनिर्दिष्ट रंग होगा ।

(4) उपनियम (3) में विनिर्दिष्ट वर्ग के ऊपर के भाग में निम्नलिखित प्रतीक और चेतावनी-कथन होंगे,—

(i) प्रवर्ग 1 के (अत्यन्त विषैले) कीटनाशियों पर खोपड़ी और आड़ी अस्थियों का प्रतीक और लाल रंग में मुद्रित "विष" शब्द होंगे; लेबल पर त्रिभुज के बाहर समुचित स्थान पर निम्नलिखित चेतावनी कथन भी होंगे:—

(क) "बच्चों की पहुंच से दूर रखिए";

(ख) "यदि निगल लिया जाए, या विषाक्तता के लक्षण प्रकट हों, तो डाक्टर को तुरन्त बुलाइए";

(ii) प्रवर्ग II के (अधिक विषैले) कीटनाशियों पर लाल रंग में मुद्रित "विष" शब्द होगा और लेबल पर त्रिभुज के बाहर समुचित स्थान पर "बच्चों की पहुंच से दूर रखिए" कथन भी होगा;

(iii) प्रवर्ग III के (साधारण विषैले) कीटनाशियों पर "खतरा" शब्द होगा और लेबल पर त्रिभुज के बाहर समुचित स्थान पर "बच्चों की पहुंच से दूर रखिए" कथन भी होगा ;

(iv) प्रवर्ग 4 के (कम विषैले) कीटनाशियों पर "सावधान" शब्द होगा ।

(5) उपनियम (4) में निर्दिष्ट वर्ग के नीचे के भाग में नीचे की सारणी के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट रंग होगा और यह उक्त सारणी के स्तम्भ (1) में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट कीटनाशियों के वर्गीकरण पर निर्भर होगा ।

सारणी

कीटनाशियों का वर्गीकरण	मुंह द्वारा लेने पर मध्यम घातक खुराक (तीक्ष्ण विषैलापन) नि० खु० 50 मिलीग्राम/किलोग्राम शरीर-भार	त्वचा पर मलने पर मध्यम घातक खुराक (डर्मल विषैलापन) नि०खु० 50 मिलीग्राम/किलोग्राम कड़ी खाल वाले पशुओं का शरीर भार	लेबल पर पहचान पट्ट का रंग
1	2	3	4
1. अत्यन्त विषैले	1—50	1—200	चमकीला लाल
2 अधिक विषैले	51—500	201—2000	चमकीला पीला
3. साधारण विषैले	501—5000	2001—20,000	चमकीला नीला
4. कम विषैले	5000 से अधिक	20,000 से अधिक	चमकीला हरा

(6) उपनियम (3), (4) और (5) के अधीन बरती जाने वाली पूर्वावधानियों के अतिरिक्त उन कीटनाशियों के पैकेजों पर लगाए जाने वाले लेबलों में जो अत्यन्त ज्वलनशील हैं, यह उपदर्शित होगा कि यह ज्वलनशील है या यह कि कीटनाशी गर्मी या खुली और सी प्रकार की अन्य चीजों से दूर रखा जाए ।

(7) कीटनाशियों को रखने वाले पैकेजों पर चिपकाए या लगा जाने वाले लेबल और पर्चियां हिन्दी, अंग्रेजी और उस क्षेत्र, जहां उक्त पैकेजों के स्टाक विक्रय या वितरित किए जाने की संभावना है में प्रयोग की जाने वाली एक या दो प्रादेशिक भाषाओं में मुद्रित की जाएंगी ।

(8) कीटनाशियों पर लेबल लगाने में उत्पाद या इसके संघटकों की सुरक्षा के लिए अवांछित दावे नहीं होने चाहिएं। इसमें ऐसे कथन जैसे "निरापद", "विषहीन", "अक्षतिकर" या "अहानिकर" ऐसे वाक्यांशों सहित या बिना, जैसे कि "निदेशों के अनुसार प्रयोग करने पर" सम्मिलित हैं ।

20. **कीटनाशियों के आधान पात्रों, लबलों या रेपर पर उत्कीर्ण लेखों आदि में परिवर्तन करने के विरुद्ध प्रतिषेध** :—कोई भी व्यक्ति, किसी कीटनाशी के आधार पात्र, लेबल या रैपर पर विनिर्माता द्वारा उत्कीर्ण लेख बनाए गए या अभिलिखित प्रतीक को परिवर्तित नहीं करेगा, नहीं मिटाएगा या विकृत नहीं करेगा ।

परन्तु इस नियम में की कोई बात रजिस्ट्रीकरण समिति के अनुरोध निदेश या अनुज्ञा से किसी कीटनाशी के आधान पात्र, लेबल या वेष्टन पर किए गए किसी उत्कीर्ण लेख या चिह्न में किए गए परिवर्तन को लागू नहीं होगी ।

अध्याय 6

कीटनाशी विश्लेषक और कीटनाशी निरीक्षक

21. **कीटनाशी विश्लेषक की अर्हताएं**:—कोई व्यक्ति अधिनियम के अधीन कीटनाशी विश्लेषक के रूप में नियुक्ति के लिए केवल तभी पात्र होगा यदि उसके पास निम्नलिखित अर्हताएं हैं, अर्थात् :—

(क) कृषि में स्नातक या विशेष विषय के रूप में रसायन शास्त्र सहित विज्ञान में स्नातक; और

(ख) किसी मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में कीटनाशी–विश्लेषण का पर्याप्त प्रशिक्षण ।

22. **कीटनाशी विश्लेषक की शक्तियां** :—कीटनाशी विश्लेषक को, कीटनाशी निरीक्षक या उस व्यक्ति से जिससे नमूना प्राप्त किया गया था ऐसी जानकारी या विशिष्टियां मंगाने की या ऐसी कोई बात कर सकने की शक्ति होगी जैसी कि उसको भेजे गए नमूने के उचित परीक्षण के लिए आवश्यक हो ।

23. **कीटनाशी विश्लेषक के कर्तव्य** :—(1) कीटनाशी विश्लेषक, कीटनाशियों के ऐसे नमूनों का विश्लेषण करेगा या कराएगा या परीक्षण करेगा या कराएगा जो उसको अधिनियम के उपबन्धों के अधीन कीटनाशी निरीक्षक द्वारा भेजे जाएं और ऐसे परीक्षणों और विश्लेषण की रिपोर्ट या परिणाम प्रस्तुत करेगा ।

(2) कीटनाशी विश्लेषक, समय-समय पर राज्य सरकार को, विश्लेषण कार्य और अन्वेषण की रिपोर्ट, सरकार के विवेकानुसार उनके प्रकाशन की दृष्टि से, अग्रेषित करेगा ।

24. **नमूने की प्राप्ति पर प्रक्रिया**—(1) कीटनाशी निरीक्षक से पैकेज, जिसमें परीक्षण या विश्लेषण के लिए नमूना है, प्राप्त करने पर कीटनाशी विश्लेषक पैकेट पर की मुद्राओं की, पृथक् रूप से प्राप्त छापित नमूने से तुलना करेगा और पैकेट पर की मुद्राओं की हालत लिखेगा ।

(2) कीटनाशी का परीक्षण या विश्लेषण करने में यह पर्याप्त होगा कि कीटनाशी विश्लेषक भारतीय मानक संस्था द्वारा अपनाई गई या स्वीकृत नमूनों के परीक्षण की रीति का अनुपालन करता है । नमूनों का विश्लेषण इस प्रकार किया जाना चाहिए जिससे यह अवधारित किया जा सके कि इसमें कीटनाशी गुण हैं और क्या लेबल पर कथित संघटक विद्यमान हैं और क्या उत्पादों में कोई उपमिश्रण है । यदि आवश्यक हो तो लेबल पर दिए गए के अनुसार कीटनाशियों की प्रभाविकता को अवधारित करने के लिए प्रयोगशाला या क्षेत्र-परीक्षण किए जाएंगे ।

(3) उपनियम (2) के अधीन परीक्षण या विश्लेषण निष्पादित किए जाने के पश्चात् कीटनाशी विश्लेषक, कीटनाशी निरीक्षक को परिणाम परीक्षण या विश्लेषण की एक रिपोर्ट प्ररूप 9 में तीन प्रतियों में तुरन्त देगा ।

25. **परीक्षण या विश्लेषण के लिए संदेय फीस**—(1) अधिनियम के अधीन कीटनाशियों के परीक्षण और विश्लेषण के लिए संदेय फीसें वे होंगी जो द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं ।

(2) कीटनाशी निरीक्षक के अनुरोध पर निष्पादित किए गए नमूनों के नेमी परीक्षण या पुनः जांच के लिए कोई फीस प्रभारित नहीं की जाएगी ।

26. **कीटनाशी निरीक्षक की अर्हताएं**—कोई व्यक्ति अधिनियम के अधीन कीटनाशी निरीक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए केवल तभी पात्र होगा यदि उसके पास निम्नलिखित अर्हताएं हैं, अर्थात्:—

(क) कृषि में स्नातक या विज्ञान में स्नातक जिसके विषयों में एक विषय रसायन शास्त्र हो; और

(ख) पर्याप्त क्षेत्र अनुभव ।

27. **कीटनाशी निरीक्षक के कर्तव्य**—कीटनाशी निरीक्षक के निम्नलिखित कर्तव्य होंगे, अर्थात्:—

(1) अपनी अधिकारिता के क्षेत्र के भीतर कीटनाशियों का विक्रय करने वाले सब स्थापनों का एक वर्ष में कम से कम तीन बार निरीक्षण करना;

(2) अपना यह समाधान करना कि अनुज्ञप्ति की शर्तों का अनुपालन किया जा रहा है;

(3) कीटनाशियों के उन नमूनों को उपाप्त करना और परीक्षण या विश्लेषण के लिए भेजना, जिनकी बाबत उसको यह शक होने का कारण है कि वे अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के उल्लंघन में विक्रय, स्टाक या विक्रय के लिए स्वीकार किए जा रहे हैं;

(4) क्रम लिखित शिकायत पर अन्वेषण करना जो उसे दी जाए;

(5) अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के भंग करने की बाबत अभियोजन संस्थित करना;

(6) अपने कर्त्तव्यों का पालन करने में, जिसमें नमूने लेना और स्टाक का अभिग्रहण करना सम्मिलित है, उसके द्वारा किए गए सभी निरीक्षणों और की गई कार्रवाई का अभिलेख बनाए रखना और ऐसे अभिलेखों की प्रतियों को अनुज्ञापन अधिकारी को प्रस्तुत करना;

(7) ऐसी पूछताछ और निरीक्षण करना जो अधिनियम के उल्लंघन में कीटनाशियों के विक्रय और उपयोग का पता चलाने के लिए आवश्यक हैं ।

28. **कीटनाशियों के विनिर्माण का निरीक्षण करने के लिए विशेष रूप से प्राधिकृत निरीक्षकों के कर्त्तव्य**—कीटनाशियों के विनिर्माण के निरीक्षण करने के लिए प्राधिकृत निरीक्षक के निम्नलिखित कर्त्तव्य होंगे :—

(1) अपनी अधिकारिता के क्षेत्र के भीतर कीटनाशियों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्त सभी परिसरों का वर्ष में कम से कम दो बार निरीक्षण करना और अपना यह समाधान करना कि अनुज्ञप्ति की शर्तों और अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों का पालन किया जा रहा है;

(2) प्रत्येक निरीक्षण के तुरन्त पश्चात् अनुज्ञापन अधिकारी को अनुज्ञप्ति की उन शर्तों और अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के उन उपबन्धों को, जिनका पालन किया जा रहा है और उन शर्तों और उपबन्धों को, यदि कोई हों, जिनका पालन नहीं किया जा रहा है, उपदर्शित करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट भेजेगा।

(3) परिसर पर विनिर्मित किए गए कीटनाशियों के नमूने लेना और उनको इन नियमों के अनुसार परीक्षण या विश्लेषण के लिए भेजना ।

(4) विषाक्तता की सभी घटनाओं की सरकार को रिपोर्ट करना ।

29. **जानकारी प्रकट करने का प्रतिषेध**—कीटनाशी निरीक्षक अपने शासकीय कर्त्तव्य के पालन में अर्जित जानकारी को, शासकीय कारबार के प्रयोजन के सिवाय या जब न्यायालय द्वारा अपेक्षित हो, तब के सिवाय, किसी व्यक्ति को प्रकट नहीं करेगा ।

30. **स्टाक का व्ययन न करने के लिए आदेश का प्ररूप**—कीटनाशी निरीक्षक द्वारा किसी व्यक्ति को उसके कब्जे में के किसी स्टाक को व्ययन न करने के लिए आदेश प्ररूप 10 में होगा।

31. **विक्रय का प्रतिषेध**—कोई व्यक्ति जिसके पास ऐसा कीटनाशी है जिसकी बाबत कीटनाशी निरीक्षक ने नियम 30 के अधीन आदेश दिया है उस आदेश के उल्लंघन में ऐसे कीटनाशी के स्टाक का विक्रय नहीं करेगा या अन्यथा व्ययन नहीं करेगा ।

32. **अभिगृहीत कीटनाशियों के लिये रसीद का प्ररूप**—कीटनाशी निरीक्षक द्वारा किसी कीटनाशी के अभिगृहीत स्टाक के लिए रसीद प्ररूप 11 में होगी ।

33. **नमूने लेने के प्रयोजन के लिए प्रज्ञापना का प्ररूप**—जहां कोई निरीक्षक परीक्षण या विश्लेषण के प्रयोजन के लिए किसी कीटनाशी का नमूना लेता है, वहां वह उस व्यक्ति को जिससे वह नमूना लेता है ऐसा प्रयोजन लिखित रूप में प्ररूप 12 में प्रज्ञापित करेगा।

34. **नमूने का परिक्षण या विश्लेषण के लिए प्रेषण**—(1) अधिनियम के अधीन परीक्षण या विश्लेषण के लिए नमूने मुद्राबन्द पैकेट में जिसके बाहरी आवरण पर कीटनाशी विश्लेषक का पता हो, प्ररूप 13 में ज्ञापन सहित रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा या दस्ती भेजा जाएगा ।

(2) पैकेट और बाहरी आवरण दोनों ही मुभिन्नक चिन्ह से चिन्हित किए जाएंगे ।

(3) प्ररूप 13 में के ज्ञापन की एक प्रति, निरीक्षक की मुद्राओं के और उस व्यक्ति की जिससे वह ऐसे नमूने लेता है, मुद्राओं, यदि कोई हों, के छापित नमूने सहित कीटनाशी विश्लेषक को, पृथकतः रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा या दस्ती भेजी जाएगी ।

अध्याय 7

कीटनाशियों का रेल, सड़क या जल द्वारा अभिवहन में परिवहन और भंडारकरण

35 **रेल द्वारा अभिवहन के दौरान पैक करने भंडारकरण की रीति**—(1) रेल द्वारा परिवहन के लिए प्रस्थापित वे पैकेज जिनमें कीटनाशी हैं, ऐसी शर्तों के अनुसार पैक किए जाएंगे जैसी कि रेल मन्त्रालय द्वारा जारी किए गए रेल टैरिफ में विनिर्दिष्ट हैं ।

(2) किसी भी कीटनाशी का इस प्रकार से परिवहन या भंडार नहीं किया जाएगा जिससे कि उनका खाद्य सामग्री या जानवरों के चारे के साथ सीधा संस्पर्श हो ।

(3) कोई भी खाद्य सामग्री या जानवरों का चारा जो परिवहन या भंडारकरण के दौरान कीटनाशियों के पैकेजों की क्षति के फलस्वरूप कीटनाशियों से मिश्रित हो गए हैं, परेषिती को तब तक सौंपा नहीं जाएगा जब तक कि इसका सम्भावित संदूषण की दृष्टि से ऐसे सक्षम प्राधिकारियों द्वारा परीक्षण न कर लिया जाए, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए ।

(4) यदि यह मालूम हो जाए कि कोई कीटनाशी परिवहन या भंडारकरण में रिस गया है तो परिवहन अभिकरण या भंडार स्वामी का उत्तरदायित्व होगा कि वह शीघ्र ही ऐसे उपाय करे कि जिससे कि मृदा या जल की विषाक्तता और प्रदूषण, यदि कोई हो, निवारित हो जाए ।

36. **कीटनाशियों के भंडारकरण के लिए शर्तों का विनिर्दिष्ट किया जाना**.—(1) कीटनाशियों के पैकेज अन्य वस्तुओं को भंडार करने के लिए प्रयुक्त कमरों और परिसरों से दूर पृथक कमरों और परिसरों में भंडार किये जायेंगे या वे पृथक तालाबन्द अलमारी में रखे जायगे, जो कीटनाशी के परिमाण और प्रकृति पर निर्भर करेगा ।

(2) कीटनाशियों का भण्डार करने के लिए आशयित कमरे और परिसरें भली प्रकार बनी होंगी, सूखी होंगी, भली प्रकार प्रकाशित और संवातित होंगी और पर्याप्त बिमा वाली होंगी ।

अध्याय 8

कीटनाशियों के विनिर्माण, आदि के दौरान कर्मकारों के लिए बचाव-वस्त्र, उपस्कर और अन्य सुविधाओं से सम्बन्धित उपबन्ध

37. **चिकित्सीय परीक्षा**.—(1) उन व्यक्तियों की जो कीटनाशियों को, उनके विनिर्माण, सूत्रयोजन, परिवहन, वितरण या अनुप्रयोग के दौरान, उठाने-रखने के काम में लगाये जायगे उनकी नियोजन पूर्व और सेवा के दौरान आवधिक चिकित्सीय परीक्षा ऐसे सक्षम चिकित्सक द्वारा की जायेगी जो ऐसे खतरों से परिचित है जिनका सामना ऐसे कर्मकारों को करना होगा ।

(2) जिस व्यक्ति को विषाक्तता के लक्षण प्रकट होते हैं, उसकी तुरन्त परीक्षा की जायेगी और उचित उपचार किया जायेगा ।

38. **प्राथमिक उपचार के उपाय.**—विषाक्तता के प्रत्येक मामले में चिकित्सक को बुलाने से पूर्व सदैव ही प्राथमिक उपचार किया जायेगा । ऐसे प्राथमिक उपचार के लिए इस विषय पर अन्य पुस्तकों के अतिरिक्त "दी इन्डियन स्टैन्डर्ड्स गाइड फॉर हैंडलिंग केसेज ऑफ पेस्टीसाइड पोयजनिंग" —भाग 1, "फर्स्ट एड मैजर्स" [भा० मा० 4015 (भाग 1)—1967] और भाग II "सिम्पटम्स, डाइग्नोजिस एण्ड ट्रीटमेंट" [भा० मा० 4015 (भाग II)—1967] की सहायता ली जायेगी । कर्मकारों को विषाक्तता के प्रभावों और प्राथमिक उपचार के विषय में भी शिक्षित किया जाना चाहिए ।

39. **रक्षी वस्त्र.**—(1) कीटनाशियों के विनिर्माण, सूत्रयोजन, परिवहन, वितरण या अनुप्रयोग के दौरान उनको उठाने-रखने आदि का कार्य करने वाले व्यक्तियों की समुचित रक्षी वस्त्रों द्वारा पर्याप्त संरक्षा की जायेगी ।

(2) रक्षी-वस्त्र जहां आवश्यक हो, नियम 40 में अधिकथित श्वेसनसाधनों के साथ-साथ प्रयोग किये जायेंगे ।

(3) रक्षी-वस्त्र ऐसी सामग्री से बनाये जायेंगे कि वे कीटनाशी सूत्रयोग के किसी भी रूप का निरोध कर सकें उनके अन्तः शोषण का प्रतिरोध कर सकें । यह सामग्री धोने योग्य भी होगी ताकि प्रत्येक बार प्रयोग करने के पश्चात् विषैले तत्व हटाये जा सकें ।

(4) रक्षी-वस्त्र के सम्पूर्ण सूट में निम्नलिखित पोशाकें होंगी, अर्थात् :—

(क) डांगरी/ओवरआल/छद्म/टोप;

(ख) रबड़—दस्ताने या ऐसे अन्य बचाव—दस्ताने जो बांह को आधे नक ढक लें और जो ऐसी सामग्री से बने हों जो द्रवों के लिए अपारगम्य हों;

(ग) धूल-रोधी चश्मा;

(घ) जूते ।

40. **श्वसन-साधन.**—विषैली धूल, वाष्प या गैसों के अभिश्वसन के रोकने के लिए कर्मकार इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त, निम्न प्रकार के श्वसित्र या गैस-मास्क का प्रयोग करेंगे, अर्थात् :—

(क) रासायनिक—कार्ट्रिज श्वसित्र;

(ख) प्रदत्त वायु श्वसित्र;

(ग) डिमांड फ्लोटाइप श्वसित्र;

(घ) पूरे चेहरे या आधे चेहरे के केनिस्तर सहित गैसमास्क ।

जहां कीटनाशी मिश्रित है वहां वायु में कीटनाशियों की सान्द्रता किसी भी दशा में अधिकतम अनुज्ञय मानों से अधिक नहीं होगी ।

41. **विनिर्माता आदि को प्रतिकारक और प्राथमिक उपचार औषधियों का पर्याप्त मात्रा में रखना** —कीटनाशियों के विनिर्माता और वितरक और ऐसे व्यक्ति (जिन्हें इसके पश्चात् इन नियमों में प्रचालक कहा गया है), जो वाणिज्यिक आधार पर कीटनाशी का छिड़काव करते हैं, प्राथमिक उपचार के ऐसे औजारों, उपस्करों, प्रतिकारकों, इन्जक्शनों और औषधियों का पर्याप्त स्टाक रखेंगे जैसा कि अभिश्वसन, त्वचा संदूषण, नेत्र संदूषण और निगलने से उत्पन्न होने वाली विषाक्तता के मामलों के उपचार के लिए अपेक्षित है ।

42. **कर्मकारों का प्रशिक्षण.**—कीटनाशियों के विनिर्माता और वितरक और प्रचालक कर्मकारों के सुरक्षा पूर्वाविधानियों के अनुपालन के सम्बन्ध में और उनको दिये गये सुरक्षा उपस्कर को संभालने के सम्बन्ध में यथोचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करेंगे ।

43. **आकाशी छिड़काव संक्रियाएं.**—कीटनाशियों का आकाशी अनुप्रयोग निम्नलिखित उपबंधों के अधीन रहते हुए किया जाएगा, अर्थात् :—

(क) क्षेत्र का चिह्नन करने का उत्तरदायित्व प्रचालकों का होगा;

(ख) प्रचालक केवल अनुमोदित कीटनाशियों और उनके सूत्रयोगों का अनुमोदित सान्द्रता और ऊंचाई पर प्रयोग करेंगे;

(ग) धुलाई, असंदूषण और प्राथमिक उपचार की सुविधाओं की व्यवस्था प्रचालकों द्वारा की जायेगी ।

(घ) सभी आकाशी संक्रिया जनता को सक्षम प्राधिकारियों के माध्यम से कम से कम चौबीस घंटे पहले अधिसूचित की जायेंगी;

(ङ) वे पशु और व्यक्ति जो संक्रियाओं से सम्बन्धित नहीं हैं ऐसे क्षेत्र में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए प्रवेश करने से रोके जायेंगे ।

(च) पाइलटों को विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमें कीटनाशियों के रोगोत्पादक प्रभाव सम्मिलित हैं ।

44. **प्रयोग किए गए पैकेजों, अतिरिक्त सामग्री और कीटनाशियों के धोवन का व्ययन.**—

(1) कीटनाशियों के विनिर्माताओं, सूत्रयोजकों और प्रचालकों का यह कर्तव्य होगा कि व पैकेजों या अतिरिक्त सामग्री और धोवन का इस प्रकार सुरक्षित रीति से व्ययन करें कि वातावरण या जल प्रदूषण रोका जा सके ।

(2) प्रयोग किये गये पैकेज, उनका पुनः प्रयोग रोकने की दृष्टि से, बाहर नहीं छोड़े जायेंगे ।

(3) पैकेज तोड़ दिये जायेंगे और निवास से दूर जमीन में दबा दिये जायेंगे ।

अध्याय 9

प्रकीर्ण

45. **वे स्थान जहां कीटनाशियों का आयात किया जा सकेगा.**—किसी भी कीटनाशी का सिवाय निम्नलिखित स्थानों में से किसी एक में होकर भारत में आयात नहीं किया जायेगा, अर्थात् :—

पश्चिमी पाकिस्तान की सीमा पार से रेल द्वारा आयात किये गये कीटनाशियों की बाबत फिरोजपुर छावनी और अमृतसर रेलवे स्टेशन ।

पूर्वी पाकिस्तान की सीमापार से रेल द्वारा आयात किये गये कीटनाशियों की बाबत—रानाघाट, बनगांव और महियासान रेलवे स्टेशन ।

भारत में वायुमार्ग द्वारा आयात किये गये कीटनाशियों की बाबत—मद्रास, कलकत्ता, मुंबई, कोचीन और अहमदाबाद ।

भारत में वायु-मार्ग द्वारा आयात किये गये कीटनाशियों की बाबत--मद्रास, कलकत्ता, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद ।

46. **बोर्ड आदि के सदस्यों को संदेय यात्रा और अन्य भत्ते.**—बोर्ड, रजिस्ट्रीकरण समिति और बोर्ड द्वारा नियुक्त किसी अन्य समिति के सदस्य, यथास्थिति, बोर्ड, रजिस्ट्रीकरण समिति या अन्य समिति के अधिवेशनों में भाग लेने के लिए ऐसे यात्रा और अन्य भत्तों के हकदार होंगे, जो तत्समय केन्द्रीय सरकार के श्रेणी 1 अधिकारियों को अनुज्ञेय है ।

प्रथम अनुसूची

प्ररूप 1

[नियम 6 (1) देखिये]

कीटनाशियों के रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन

1. आवेदक का नाम और पता . .
2. कीटनाशी का व्यापार-नाम जिसका आवेदक आयात या विनिर्माण कर रहा है अथवा आयात या विनिर्माण करने की प्रस्थापना करता है ।
3. रासायनिक संरचना (संरचना का ब्यौरा, जिसमें सभी संघटक और सक्रिय संघटकों की रसायनिक पहचान सम्मिलित है जिसमें उनकी भंडारकरण में स्थायित्व सम्मिलित है)
4. उत्पादों का मनुष्यों, वन्य प्राणियों, जलीय प्राणियों के लिए विषैलापन (सक्रिय संघटकों से सम्बन्धित पर्याप्त विषैलेपन से सम्बन्धित आंकड़े संलग्न किए जाने हैं) ।
5. वे पादप-रोग, कीट और अन्य अनिष्टकर जन्तु और घासपात जिनके विरुद्ध इसका प्रयोग किया जाना आशयित है । (कीटनाशियों की प्रभावकारिता से सम्बन्धित जैविक परीक्षणों पर शासकीय या प्रायोगिक स्टेशन की रिपोर्ट दी जानी हैं) ।
6. भंडारकरण और प्रयोग के लिए अनुदेश जिसमें प्राथमिक उपचार और पूर्वावधानियों से सम्बन्धित विषय सम्मिलित हैं, जो लेबल पर लिखे जाने हैं ।
7. सूत्रयोजित योगिक और उसके अवशेषों के लिये विश्लेषण की रीतियां ।

8. प्रस्थापित/विद्यमान लेबल की सात प्रतियां (इसमें वह सभी मुद्रित और लेखा चित्रीय सामग्री सम्मिलित है जो कीटनाशियों को रखने के पैकेजों के साथ होंगी)।

9. पैक करने की रीति ।

तारीख.....

आवेदक के हस्ताक्षर
पदाभिधान और मुद्रा

सत्यापन

मैं..... एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा और सद्भावपूर्वक कथित करता हूं कि पैरा 1 से 9 तक में जो कथित किया गया है वह मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है ।

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रारूप 2

[नियम 6 (4) देखिए]

भारत सरकार

कृषि मंत्रालय

(कृषि विभाग)

कीटनाशियों के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि .....
कीटनाशी उस व्यक्ति/उपक्रम के नाम में रजिस्ट्रीकृत किया गया है जिनकी शिरिटयां नीचे विनिर्दिष्ट हैं :—

1. व्यक्ति/उपक्रम का नाम
2. पता . . . .
3. रजिस्ट्रीकरण सं० . . .
4. कीटनाशी का नाम . . . .
5. शर्तें, यदि कोई हों . . .
(कीटनाशी का ब्राण्ड-नाम या व्यापार-नाम या रासायनिक-नाम, इसकी संरचना आदि से सम्बन्धित ब्यौरे) ।

नई दिल्ली 19

हस्ताक्षर.....
विभाग की मुद्रा

शर्तें

प्ररूप 3

[नियम 9 (1) देखिये]

कीटनाशियों के विनिर्माण के लिये अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिये आवेदन

1. मैं / हम.....निवासी ..... एतद्द्वारा .....में स्थित परिसर में नीचे वर्णित कीटनाशियों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिये आवेदन करता हूं/ करते हैं :—

कीटनाशियों का नाम (प्रत्येक कीटनाशी पृथकतः विनिर्दिष्ट किया जाए)

2. विनिर्माण करने वाले परिसर में विनिर्दिष्ट उत्पादों के विनिर्माण और परीक्षण से वास्तविक रूप से सम्बन्धित विशेषज्ञ कर्मचारिवृन्द के नाम, अर्हतायें और अनुभव .....

3. मैं / हम इसके साथ निम्नलिखित संलग्न कर रहा हूं / कर रहे हैं :—

(क) मेरी/हमारी ओर से उस विनिर्माण समुत्थान को भेजे गये पत्र की सत्यप्रति जिसकी विनिर्माण क्षमता का मैं / हम उपयोग करना चाहता हूं/ चाहते हैं ।

(ख) विनिर्माण समुत्थान के उस पत्र की सत्यप्रति जिसमें उन्होंने मेरे / हमारे द्वारा अपेक्षित प्रत्येक कीटनाशी के विनिर्माण के लिए अपने विशेषज्ञ, कर्मचारिवृन्द, उपस्कर और परिसर की सेवायें उधार देने की और इस बात की सहमति दी है कि वे तैयार उत्पाद के प्रत्येक बैच का विश्लेषण करेंगे और कच्चे माल, तैयार उत्पाद और विश्लेषण की रिपोर्ट के रजिस्टर, इस निमित्त पृथक बनाये रखेंगे ।

(ग) विनिर्माण के लिये प्रस्थापित उत्पादों के लेबलों, कार्टनों के नमूने ।

4. .....रु० की फीस.....लेखा शीर्ष के अन्तर्गत सरकार के लेखा में जमा कर दी गई है ।

तारीख..... हस्ताक्षर.....

प्ररूप 4

[नियम 9 (1) देखिये]

कीटनाशियों के विनिर्माण के लिये अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिये आवेदन

1. मैं / हम..... निवासी ..... एतद्द्वारा ..... में स्थित परिसर पर कीटनाशियों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिये आवदन देता हूं / देते हैं (अनुज्ञप्ति की संख्या और दी जाने वाली तारीख)

2. कीटनाशी के विनिर्माण से सम्बन्धित अन्य ब्यौरे * वही रहेंगे ।

3. अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिये ..... रु० की फीस..... .....लेखा शीर्ष के अन्तर्गत सरकार के लेखा में जमा कर दी गई है ।

**यदि विनिर्माण के ब्यौरों में या अनुज्ञप्ति की शर्तों में, जिनके अधीन रहते हुये अनुज्ञप्ति का नवीकरण किया जाना अपेक्षित है, कोई परिवर्तन है तो वह यहां उपदर्शित किया जा सकता है ।

4. अनुज्ञप्ति इसके साथ संलग्न है ।

तारीख..... हस्ताक्षर .....

प्ररूप 5

[नियम 9 (3) देखिये]

कीटनाशियों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति

1. अनुज्ञप्ति की संख्या और जारी करने की तारीख.....

2..... निवासी .....को एतद्द्वारा निम्नलिखित विशेषज्ञ कर्मचारी वृन्द के निदेश और पर्यवेक्षण के अधीन में .....में स्थित परिसर पर निम्नलिखित कीटनाशियों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति मंजूर की जाती है ।

(क) विशेषज्ञ कर्मचारीवृन्द (नाम).....

(ख) कीटनाशियों का नाम,..... .....

3. यह अनुज्ञप्ति, अनुज्ञप्तिधारक को अनुज्ञप्ति के अधीन विनिर्मित कीटनाशियों के थोक विक्रय के लिए और अनुज्ञप्ति धारक द्वारा विक्रय के लिए भण्डारकरण के लिए प्राधिकृत करती है ।

4. अनुज्ञप्ति, जारी होने की तारीख से.....वर्ष की अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगी ।

5. अनुज्ञप्ति नीचे कथित शर्तों और ऐसी शर्तों के अधीन रहेगी जैसीकि कीटनाशी अधिनियम, 1968 के अधीन तत्समय प्रवृत्त नियमों में विनिर्दिष्ट की जाएं ।

तारीख..... हस्ताक्षर.....

पदाभिधान.....

अनुज्ञापन अधिकारी की मुद्रा

शर्तें

1. यह अनुज्ञप्ति और नवीकरण का कोई प्रमाण-पत्र अनुमोदित परिसर पर रखा जाएगा और कीटनाशी अधिनियम, 1968 के अधीन नियुक्त कीटनाशी निरीक्षक या अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी या प्राधिकारी के मांगने पर निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया जायेगा ।

2. अनुज्ञप्ति में दिए गए विशेषज्ञ कर्मचारीवृन्द के नामों में कोई परिवर्तन अनुज्ञापन अधिकारी को तुरन्त रिपोर्ट किया जाएगा ।

3. यदि अनुज्ञप्तिधारक, अनुज्ञप्ति चालू रहने के दौरान, अतिरिक्त कीटनाशियों का विक्रय के लिए विनिर्माण करना चाहता है तो उसे कीटनाशी के प्रत्येक प्रवर्ग के लिए———रु० की फीस संदत्त करने पर अनुज्ञप्ति में आवश्यक पृष्ठांकन करने के लिए अनुज्ञापन अधिकारी को आवेदन देना चाहिए ।

4. नवीकरण ।

प्ररूप 6

[नियम 10(1) देखिये]

कीटनाशियों के विक्रय, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन या वितरण के लिए अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन

सेवा में,

अनुज्ञापन प्राधिकारी, ...

. . . . . राज्य ।

1. आवेदक का पूरा नाम और पता

2. क्या आवेदक नया व्यवसायी है

(उत्तर 'हां' या 'नहीं' में दीजिए)

3. यदि हो तो उन मालिकों के नाम, यदि कोई हों, जिनका वह प्रतिनिधित्व करता है ।

4. (i) यदि आवेदक, उस व्यवसाय में पहले से है तो उन कीटनाशियों का नाम जिनका व्यवसाय किया है और व्यवसाय की अवधि और स्थान (और वे मालिक जिनका उसने प्रतिनिधित्व किया है)

(ii) गत दो कैलेन्डर वर्षों में कीटनाशी की कितनी मात्रा का व्यवसाय किया गया: (क)

5. मैं उन मालिकों का जिनका मैं प्रतिनिधित्व करता हूं या जिनका प्रतिनिधित्व करना आशयित है और स्त्रोत।उन स्त्रोतों का, जिनसे कीटनाशी प्राप्त किए जाएंगे, प्रमाण–पत्र संलग्न करता हूं ।

6. आवेदन की तारीख को मेरे/हमारे कब्जे में (विक्रय डिपो और उससे संलग्न गोदामों में) प्रत्येक कीटनाशी की धारा मात्रा (टनों में) ।

7. व्यौहारी के परिसर की स्थिति जहां कीटनाशी (क) भंडार; और (ख) विक्रय किए जाएंगे ।

8. उन कीटनाशियों के नाम जिनका कारबार आवेदक करना चाहता है ।

9. अन्य राज्य सरकारों द्वारा, यदि कोई हों, अपने क्षेत्र में उसके नाम में जारी की गई अनुज्ञप्तियों की पूरी विशिष्टियां ।

10. मैंने अनुज्ञप्ति फीस जमा कर दी है ।

बजाना चालान सं०———————

रु० बजाना. . . . . .

11—घोषणा :

(क) मैं/हम घोषणा करता हूं/करते हैं कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे/हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है और उसका कोई भी अंश असत्य नहीं है।

(ख) मैंने/हमने अनुज्ञप्ति के निबन्धनों और शर्तों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया है और उनका पालन करने को सहमत हूं/हैं।

आवेदक (आवेदकों) के नाम
और पते स्पष्ट अक्षरों में आवेदक (आवेदकों) के हस्ताक्षर

तारीख.....

स्थान.....

अनुज्ञापन प्राधिकारी की टिप्पणी।

प्ररूप 7

[नियम 10(1) देखिए]

कीटनाशियों के विक्रय, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन या वितरण के लिए अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन

सेवा में

अनुज्ञापन प्राधिकारी,

————————राज्य।

मैं/हम एतद्द्वारा————————के नाम और अभिनाम से कीटनाशियों के विक्रय, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन या वितरण के लिए अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन करता हूं/करते हैं। नवीकरण के लिए ईप्सित अनुज्ञप्ति————————राज्य के अनुज्ञापन द्वारा प्राधिकारी द्वारा मंजूर की गई थी और 19————के/की————————दिन अनुज्ञप्ति सं०————————आवंटित की गई थी।

2. आवेदक के परिसर की स्थिति जहां कीटनाशी (क) भण्डार और (ख) विक्रय किए जाते हैं/किए जायेंगे—

(i) मैं/हम एतद्द्वारा घोषित करता हूं/करते हैं कि मेरे/हमारे परिसर की स्थिति जहां कीटनाशी (क) भण्डार और (ख) विक्रय किए जाते हैं नीचे कथित किए गए के अनुसार हैं :—

(क) वे परिसर जहां कीटनाशी भण्डार किए जाते हैं।

(ख) वे परिसर जहां कीटनाशी विक्रय किए जाते हैं।

(ii) वे कीटनाशी जिनका मैं/हम कारबार कर रहा हूं/रहे हैं और उन मालिकों के नाम जिनका मैं/हम प्रतिनिधित्व करता करते हैं/नीचे कथित किए गए के अनुसार हैं।

आवेदक का पूरा नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में)

आवेदक (आवेदकों) के हस्ताक्षर

तारीख————————

स्थान————————

प्रपत्र 8

[नियम 10(4) देखिए]

कीटनाशियों के विक्रय विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन या वितरण के लिए अनुज्ञप्ति

1. श्री————————को————————में स्थित परिसर पर ————————कीटनाशी के फुटकर विक्रय, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन या वितरण करने के लिये विनिर्दिष्ट शर्तों और कीटनाशी अधिनियम, 1968 और तदधीन नियमों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए एतद्द्वारा अनुज्ञप्त किया जाता है।

2. अनुज्ञप्ति———— से————तक प्रवृत्त रहेगी।

3. कीटनाशियों के प्रवर्ग।

अनुज्ञप्ति सं०————————

तारीख———————— अनुज्ञापन-प्राधिकारी मुद्रा

शर्तें

1. अनुज्ञप्ति परिसर के भाग में किसी ऐसे प्रमुख स्थान पर जो जनता के लिए खुला हो संदर्शित की जाएगी।

2. अनुज्ञप्तिधारी कीटनाशी अधिनियम, 1968 और तत्समय प्रवृत्त उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों का अनुपालन करेगा।

3. किसी कीटनाशी का विक्रय ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं किया जाएगा जिसके पास कीटनाशी के विक्रय, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शन या वितरण के लिए अनुज्ञप्ति न हो।

परन्तु यह शर्त उस अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा कीटनाशी के विक्रय के संबंध में लागू नहीं होगी जो सरकार की ओर से खरीद रहा हो।

नवीकरण

प्रपत्र 9

[नियम 24 (3) देखिए]

कीटनाशी विश्लेषक की रिपोर्ट

1. उस कीटनाशी निरीक्षक का नाम जिससे प्राप्त किया———
2. कीटनाशी निरीक्षक के ज्ञापन की क्रम सं० और तारीख———
3. नमूना संख्या———
4. प्राप्ति की तारीख———
5. नमूने में होने वाले तात्पर्यित कीटनाशी का नाम———
6. पैकेज पर मुद्राओं की स्थिति———
7. अनुप्रयुक्त परीक्षणों के संलेखों सहित परीक्षण या विश्लेषण के परिणाम———

तारीख———

कीटनाशी विलेषक

प्रपत्र 10

(नियम 30 देखिये)

कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा 21 (1) (घ) के अधीन आदेश, जिसके अन्तर्गत किसी व्यक्ति से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने कब्जाधीन किसी स्टाक का व्ययन न करे।

यतः मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि आपके कब्जे में———के स्टाक का, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है, कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा———के या कीटनाशी नियम, 1971 के———के उपबन्धों के उल्लंघन में, वितरण, विक्रय या उपयोग किया गया है।

मैं आप से उक्त अधिनियम की धारा 21 (1) (घ) के अधीन एतद्द्वारा अपेक्षा करता हूं कि आप उक्त स्टाक का इस तारीख से———दिन की अवधि तक वितरण, विक्रय या उपयोग रोक दें।

तारीख———

कीटनाशी/सूत्रयोग के स्टाक का ब्यौरा

1.

2.

3.

4.

5.

6.

तारीख ———————————— कीटनाशी निरीक्षक

मुद्रा

प्ररूप 11

(नियम 32 देखिये)

अभिगृहीत कीटनाशियों की रसीद का प्ररूप

कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा 21 (1) (घ) के अधीन अभिगृहीत कीटनाशी के स्टाक के लिए रसीद।

मैंने आज, श्री ———————————के ———————————
स्थित परिसर से कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा 21 (1) (घ) के उपबन्धों के अधीन कीटनाशी का स्टाक अभिगृहीत किया, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है।

अभिगृहीत कीटनाशी के ब्यौरे ये हैं :—

(क)

(ख)

(ग)

(घ)

कीटनाशी निरीक्षक
शासकीय स्टाम्प

तारीख ——— — ———

प्ररूप 12

(नियम 33 देखिये)

उस व्यक्ति/अनुज्ञप्तिधारी को प्रज्ञापना जिससे नमूना लिया गया है।

सेवा में,

_____

_____

_____

मैंने आज, श्री _____ के _____ स्थित परिसर से नीचे विनिर्दिष्ट कीटनाशी के नमूने परीक्षण या विश्लेषण के प्रयोजन के लिये लिये हैं।

तारीख :

कीटनाशी निरीक्षक _____

लिए गए नमूने के ब्यौरे

तारीख :

कीटनाशी निरीक्षक _____

प्ररूप 13

(नियम 34 देखिए)

सरकारी विश्लेषक को ज्ञापन

प्रेषक,

_____

_____

_____

सेवा में,

सरकारी विश्लेषक,

_____

नीचे वर्णित नमूने/आधान पात्र का भाग कीटनाशी नियम, 1971 के नियम 34 के अधीन परीक्षण या विश्लेषण के लिये एतद्द्वारा भेजा जा रहा है।

नमूने/आधान पात्र के भाग को मैंने निम्नलिखित चिन्ह से चिह्नित किया है:—

नमूने या आधान पात्र के भाग के, उस कीटनाशी के नाम सहित जिसका उसमें होना तात्पर्यित है, ब्यौरे।

तारीख _____ कीटनाशी निरीक्षक _____

मुद्रा

तृतीय अनुसूची

(नियम 25 देखिए)

कीटनाशियों के नमूनों के परीक्षण या विश्लेषण के लिए फीस

क्रम सं०	कीटनाशी	भा मा सं सं० और वर्ष	परीक्षण प्रभार रु० पैसे
1	2	3	4
1. डी० डी० टी०	तकनीकी	भामा 563–1961	115.00
2. बी० एच० सी०	,, और परिष्कृत	,, 560–1969	100.00
3. एनड्रीन	,,	,, 1309–1958	40.00
4. आल्ड्रिन	,,	,, 1306–1958	40.00
5. डील्ड्रिन	,,	,, 1052–1962	50.00
6. मेलाथायान	,, (नमी के बिना)	,, 1832–1961	65.00
7. पेराथीयान	,, ,,	,, 2128–1962	65.00
8. डाइएजिनान	,, ,,	,, 1833–1961	65.00
9. गम्मा बी० एच० सी०	, (लिन्डेन)	,, 882–1956	110.00
10. क्लोर्डेन	,, (केबल ग्रेड)	,, 2863–1964	20.00
11. कापर आक्सीक्लोराइड	,,	,, 1486–1969	110.00
12. कप्रस आक्साइड	,, (फफूंद नाशक श्रेणी)	,, 1682–1960	90.00
13. जिंक फास्फाइड	,,	,, 1251–1958	40.00
14. एथिल मरकरी क्लोराइड	,,	,, 2354–1963	55.00
15. फेनिल ,, ,,	,,	,, 2353–1963	45.00
16. स्थायीकृत मेथाक्सी एथल मरकरी क्लोराइड सान्द्र	,,	2127–1962	45.00
17. स्थायीकृत एथाक्सी एथिल मरकरी क्लोराइड सान्द्र	,,	2355–1963	45.00
18. फेनिल मरकरी सेलिसिलेट	,,	,, 2125–1962	45.00
19. फेनिल मरकरी एसीटेट	,,	,, 2126–1962	55.00
20. बी० एच० सी०	धूलीयन चूर्ण	,, 561–1962	90.00
21. डी० डी० टी०	,,	,, 564–1961	40.00

1	2	3	4
22. आल्ड्रिन	धूलीयन चूर्ण	भामा	1308–1958	70.00
23. क्लोडन	,, ,,	,,	2864–1964	50.00
24. मैलाथायान	,, ,,	,,	2568–1963	55.00
25. पैराथायान	,, ,,	,,		55.00
26. क्यूप्रस आक्साइड	,, ,,	,,	16 69–1960	50.00
27. कापर आक्सीक्लोराइड	,, ,,	,,	1506–1967	50.00
28. स्थायीकृत मेथाक्सी एथिल मरक ी क्लो-राइड सान्द्र पर आधा-रित सूत्रयोग		,,	2358–1963	35.00
29. स्थायीकृत एथाक्सी एथिल मरकरी क्लो-राइड सान पर आधारित सूत्रयोग		,,	2359–1963	35.00
30. फेनिल मरकरी ऐसीटेट सूत्रयोग		,,	2357–1963	35.00
31. फेनिल मरकरी सैलिसि-लेट सूत्रयोग		,,	2356–1963	35.00
32. पाइरेथम (अर्क) सूत्रयोग में		,,	1051–1957	30.00
33. बी० एच० सी०	डब्ल्यू डी पी सान्द्र	,,	562–1962	100.00
34. डी० डी० टी०	,, ,, ,, ,,	,,	565–1961	50.00
35. डील्ड्रिन	,, ,, ,, ,,	,,	1053–1962	60.00
36. कापर आक्सीक्लोराइड	,, ,, ,, ,,	,,	1507–1966	50.00
37. क्यूप्रस आक्साइड	,, ,, ,, ,,	,,	1665–1960	50.00
38. बी० एच० सी०	इ० सी० ,, ,,	,,	632–1966	125.00
39. डी० डी० टी०	,, ,,	,,	633–1956	85.00
40. आल्ड्रिन	,, ,,	,,	1307–1958	85.00
41. डील्ड्रिन	,, ,,	,,	1054–1962	85.00
42. ऐन्ड्रिन	,, ,,	,,	1310–1958	85.00
43. पैराथायान	,, ,,	,,	2129–1962	100.00
44. मैलाथायान	,, ,,	,,	2567–1963	100.00

1	2	3	4
45. मैथिलपैराथायान	इ० सी०	भामा	2865–1964	100.00
46. डाइएजिनान	,, ,,	,,	2861–1964	100.00
47. 2, 4–डी द्रव ऐमीन लवण	,, ,,	,,	1827–1961	75.00
48. 2, 4–डी सौडियम (लवण)	तकनीकी	,,	1488–1969	65.00
49. गन्धक धूलि	,,	,,		25.00
50. गन्धक आर्द्रणीय	,,	,,	3383–1965	35.00
51. थाइरैम	तकनीकी	,,	4320–1967	30.00
52. जिनेब	,,	,,	3898–1966	30.00
53. थायोमेटान	,,	,,		30.00
54. मेटासिस्टाक्स	,,	,,		30.00
55. डाइमेथोएट	,,	,,	3902–1966	30.00
56. फास्फेमिडान	,,	,,	4958–1968	30.00
57. कार्बेरिल	,,	,,		30.00
58. हेप्टाक्लोर	,,	,,		20.00
59. टाक्साफीन	,,	,,	4451–1967	20.00
60. निकोटीन सल्फेट घोल	,,	,,	1055–1957	35.00
61. कैप्टन	तकनीकी	,,		35.00
62. हैप्टाक्लोर	,,	,,		50.00
63. इ० डी०/सी० पी० मिश्रण 3:1 मात्रानुसार	,,	,,	634–1965	100.00

[सं० फा० 22-1/70-पी० पी० एस० (1)]

आर० सी० कपिला, उप सचिव।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1971